**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 596**
**उत्तर देने की तारीख 3 दिसंबर, 2025**

**स्कूलों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी का विस्तार**

**596. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः**
**श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत नेट पहल के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए पात्र सरकारी माध्यमिक स्कूलों की कुल संख्या राज्य-वार, आंध्र प्रदेश में जिला-वार और विशेष रूप से बापतला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी है;
(ख) विगत दस वर्षों में सरकारी स्कूलों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी लागू करने के लिए जिन राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के समझौता ज्ञापन बीएसएनएल के साथ प्रस्तावित, बातचीत के अधीन और वर्तमान में कार्यात्मक हैं, उनका ब्यौरा क्या है;
(ग) बापतला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में राज्य-वार और आंध्र प्रदेश में जिला-वार कितने सरकारी स्कूलों को फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं:
(घ) राज्य-वार और आंध्र प्रदेश में जिला-वार, विशेषकर बापतला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में चालू किए गए एफटीटीएच कनेक्शनों की संख्या और ऐसे कनेक्शनों के उपभोक्ता इस्तेमाल के आंकड़ों का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) एफटीटीएच कनेक्शन देने के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों को जारी की गई निधियों का राज्य-वार, आन्ध्र प्रदेश में जिला-वार और बापतला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत, डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) की वित्त पोषण सहायता से, अगले पांच वर्षों में स्कूलों सहित सरकारी संस्थाओं को कवर करने की प्राथमिकता

के साथ सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (आंध्र प्रदेश सहित) में 1.5 करोड़ फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने हैं। ग्राम पंचायतों (जीपी)/गांवों में उपलब्ध सरकार द्वारा संचालित सभी माध्यमिक विद्यालय संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत एफटीटीएच कनेक्टिविटी के प्रावधान के लिए पात्र हैं। हालांकि, एफटीटीएच कनेक्शन मांग और भारतनेट नेटवर्क की उपलब्धता के आधार पर दिए जाते हैं।

(ख) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने भारतनेट के तहत ग्राम पंचायतों (जीपी)/गांवों में सरकार द्वारा संचालित माध्यमिक स्कूलों में एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से एक समझौता ज्ञापन/करार करने का आग्रह किया है। अब तक, बीएसएनएल ने सरकारी स्कूलों में एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए आंध्र प्रदेश, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, असम, पंजाब, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के साथ समझौता ज्ञापन/करार पर हस्ताक्षर किए हैं।

(ग) और (घ) ग्राहक उपयोग डेटा सहित सरकारी स्कूलों में भारतनेट का उपयोग करने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कार्यशील एफटीटीएच कनेक्शनों का विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न है। आंध्र प्रदेश में भारतनेट का उपयोग करके सरकारी स्कूलों को उपलब्ध कराए गए एफटीटीएच कनेक्शनों का जिला-वार विवरण **अनुबंध-II** में संलग्न है।

(ङ) अखिल भारत स्तर पर भारतनेट का उपयोग करते हुए एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए डीबीएन द्वारा बीएसएनएल को 516 करोड़ रुपये (लगभग) की कुल सब्सिडी जारी की गई है।

**अनुबंध- I**

दिनांक 03.12.2025 को लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 596 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

**ग्राहक उपयोग डेटा सहित सरकारी स्कूलों में भारतनेट का उपयोग करने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कार्यशील एफटीटीएच कनेक्शन का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एफटीटीएच कनेक्शनों की संख्या | डेटा उपयोग जीबी में (अक्टूबर, 25 माह में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 65 | 2,330.59 |
| 2 | आंध्र प्रदेश* | 6,679 | 31,809.73 |
| 3 | असम | 261 | 15,420.23 |
| 4 | बिहार | 2,414 | 1,56,234.04 |
| 5 | छत्तीसगढ | 927 | 53,172.82 |
| 6 | गुजरात | 4,028 | 1,57,780.88 |
| 7 | हरियाणा | 9,469 | 8,39,343.37 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 55 | 5,947.57 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 46 | 4,525 |
| 10 | झारखंड | 201 | 17,994.19 |
| 11 | कर्नाटक | 2,726 | 94,924.98 |
| 12 | केरल | 1,710 | 1,19,926.5 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 6,706 | 85,213.08 |
| 14 | महाराष्ट्र | 710 | 23,558 |
| 15 | मणिपुर | 29 | 1,826.07 |
| 16 | मिजोरम | 6 | 362.77 |
| 17 | ओडिशा | 426 | 31,807.58 |
| 18 | पुद्दुचेरी | 37 | 2,501.69 |
| 19 | पंजाब | 12,961 | 9,15,356.67 |
| 20 | राजस्थान | 5,252 | 1,73,648.03 |
| 21 | तमिलनाडु | 22 | 536.61 |
| 22 | तेलंगाना | 220 | 13,638.91 |
| 23 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 8 | 2,012.98 |
| 24 | त्रिपुरा | 2 | 5.54 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | 6,572 | 3,27,186.79 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26 | उत्तराखंड | 2,678 | 1,39,847.16 |
| 27 | पश्चिम बंगाल | 3,745 | 1,86,068.69 |
| | **कुल** | **67,955** | **34,02,980.47** |

*आंध्र प्रदेश स्टेट फाइबरनेट लिमिटेड (एपीएसएफएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए भारतनेट का उपयोग करके सरकारी स्कूलों में **6,405 एफटीटीएच कनेक्शन** शामिल हैं। आंध्र प्रदेश में, भारतनेट चरण-II को राज्य सरकार के एक विशेष प्रयोजन साधन (एसपीवी) एपीएसएफएल के माध्यम से राज्य-आधारित मॉडल के तहत लागू किया जाता है, जो उपयोग के लिए भी जिम्मेदार हैं।

**अनुबंध-II**

दिनांक 03.12.2025 को लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 596 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

**भारतनेट के तहत आंध्र प्रदेश में सरकारी स्कूलों को उपलब्ध कराए गए एफटीटीएच कनेक्शनों का जिला-वार विवरण:**

| क्र. सं. | जिला | एफटीटीएच कनेक्शनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीतारामा राजू | 3 |
| 2 | अनाकापल्ली | 371 |
| 3 | अनंतपुर | 528 |
| 4 | अन्नामय्या | 335 |
| 5 | बापटला | 164 |
| 6 | चित्तूर | 117 |
| 7 | पूर्व गोदावरी | 148 |
| 8 | एलुरु | 190 |
| 9 | गुंटूर | 85 |
| 10 | काकीनाडा | 359 |
| 11 | कोनसीमा | 291 |
| 12 | कृष्णा | 60 |
| 13 | कुरनूल | 135 |
| 14 | नंदयाल | 4 |
| 15 | एनटीआर | 255 |
| 16 | पालनाडु | 105 |
| 17 | पार्वतीपुरम मण्यम | 257 |
| 18 | प्रकाशम | 168 |
| 19 | एसपीएसआर नेल्लोर | 835 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 188 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 567 |
| 22 | तिरुपति | 15 |
| 23 | विशाखापटनम | 153 |
| 24 | विजयनगरम | 753 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 200 |
| 26 | वाईएसआर कड़प्पा | 393 |
| **कुल** | | **6,679** |

*****